राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

बच्चों में स्वाभिमान और आत्मविश्वास जगायें
– राज्यपाल

जयपुर, 07 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि बच्चों मे स्वाभिमान और आत्माविश्वास जगायें। यह बच्चे ही हमारे देश का भविष्य है। इन्हें व्यवहार सिखायें, ताकि वे आगे जाकर विश्व में हमारे देश का नाम रोशन कर सकें।

राज्यपाल श्री मिश्र सोमवार को यहां जवाहर कला केन्द्र में चिल्डन्र् फेस्ट आश्रय को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्नलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। बच्चों को पुरस्कृत किया। राज्यपाल ने बच्चों की प्रस्तुतियों को देखा और उनकी सराहना की।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा और क्षमता दोनों होती है। आवश्यकता यह है कि उनमें यह आत्मविश्वास पैदा हो कि '' मैं कुछ कर सकता हूॅं।''इस मौके पर राजस्थान विधिक सेवा प्रधिकाण के श्री अशोक जैन और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री राजीव शर्मा मौजूद थें। स्वागत भाषण केन्द्र की श्रीमती क्षुति भारद्वाज ने किया।

राज्यपाल से सांसद, राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व कुलपति मिले

जयपुर, 07 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राज्य सभा सांसद श्री सुखराम चौधरी, राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यध श्री दीपक उत्प्रेती और श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय,जोबनेर के कुलपति डॉ. जे.एस. संधू, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर. ए. गुप्ता और वनस्थली विद्यापीठ, निवाई के कुलपति श्री आदित्य शास्त्री ने शिष्टाचार मुलाकात की।

युवा तैराक मिली – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से इंग्लिस चैनल पार करने वाली युवा तैराक सुश्री गौरवी सिंघवी ने भी मुलाकात की।

आचार्य महाप्रज्ञ का साहित्य भेंट– राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को कोलकाता के श्री अनुभव मुखर्जी ने आचार्य महाप्रज्ञ का साहित्य भेंट किया।

राज्यपाल की विजयदशमी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 07 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने विजयदशमी पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि '' विजयदशमी आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व का पर्व है। यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। '' राज्यपाल ने दशहरा पर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान